ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

एसकेवी साक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय मूट कोर्ट का समापन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 नवम्बर. सिंधिया कन्या विद्यालय में दो दिवसीय समारोह साक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय मूट कोर्ट का भव्य समापन हुआ। यह समस्त कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्या श्रीमती निशि मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ. इस दो दिवसीय कार्यक्रम में भारत और विदेश से मेजबान टीम सहित 22 प्रतिष्ठित विद्यालयों ने क्रमश: बिरला बालिका विद्यापीठ, पिलानी, दिल्ली पब्लिक स्कूल, गुड़गांव, जेनेसिस ग्लोबल स्कूल, नोएडा, ग्वालियर ग्लोरी हाई स्कूल, ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज, लखनऊ, लर्निंग पाथ्स स्कूल, मोहाली, मॉडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली, मोदी स्कूल, लक्ष्मणगढ़, पोदार पर्ल स्कूल, दोहा, कतर, प्रेसीडेंसी स्कूल, बेंगलुरु नॉर्थ, पंजाब पब्लिक स्कूल, नाभा, राजकुमार कॉलेज, रायपुर, शिव नादर स्कूल, फरीदाबाद, सनबीम इंग्लिश स्कूल, भगवानपुर, सनबीम स्कूल लहरतारा ,सनबीम स्कूल वरुणा ब्रिटिश को-एड हाई स्कूल, पटियाला राजकुमार कॉलेज, राजकोट विद्या निकेतन बिड़ला पब्लिक स्कूल, पिलानी विवेक हाई स्कूल, चंडीगढ़ यादविंद्र पब्लिक स्कूल, पटियाला ने भाग लिया। यह कार्यक्रम बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय के सहयोग से हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रीतम बरुआ मौजूद थे। वे स्कूल ऑफ लॉ के प्रोफेसर और डीन हैं। वे कानूनी दर्शन, संवैधानिक कानून, संवैधानिक सिद्धांत और टॉर्ट (अपकृत्य) कानून के आधारभूत विचारों पर पढ़ाते और शोध करते हैं।

विद्यालय प्राचार्या श्रीमती निशि मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि तथा अन्य गणमान्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न प्रदान किये गए। प्राचार्या श्रीमती निशी मिश्रा द्वारा उदबोधन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने समस्त बाहर से आई टीमों को धन्यवाद दिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रीतम बरुआ ने अपने उद्बोधन में कहा - 'मैं सिंधिया कन्या विद्यालय की प्राचार्या, मैनेजमेंट तथा समस्त शिक्षकगण को बधाई देना चाहता हूँ कि उन्होंने मूट कोर्ट जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया जो निश्चय ही छात्र- छात्राओं में क़ानून के प्रति सजगता बढ़ाएगा तथा उन्हें अपने करियर में वकील, जज आदि बनने के लिए प्रेरित करेगा। मैं समस्त टीमों के छात्र- छात्राओं को बधाई देता हूँ तथा आज वो यहाँ सीखकर जो जा रहे हैं वो उसे भविष्य में ज़रूर प्रयोग करें इसी कामना के साथ मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।' प्रात:कालीन सत्र में आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में सभी टीमों ने गोंडोर फ़ैक्ट्री अधिनियम, 1978 की धारा 75—जो महिलाओं के कार्य-घंटों को प्रात: 6 बजे से सायं 7 बजे तक सीमित करती है—की संवैधानिक वैधता को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया। पेटीशनर पक्ष का मुख्य तर्क था कि सुश्री लूसी को इस प्रावधान के कारण पदोन्नति से वंचित होना पड़ा, अत: यह प्रावधान भेदभावपूर्ण है । वहीं रेस्पोंडेंट्स पक्ष ने राज्य सरकार की ओर से यह दलील दी कि यह प्रतिबंध महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एक संरक्षणात्मक उपाय है।

ग्वालियर में पहली बार मनेगा महालक्ष्मी वरदान दिवस

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 नवम्बर. शहर इस वर्ष एक अद्वितीय और ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। ग्वालियर में पहली बार अग्रवाल समाज की देश की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित संस्था अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की ग्वालियर इकाई द्वारा महालक्ष्मी वरदान दिवस शहर के प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। यहां पर मां लक्ष्मी और विष्णु जी की प्राचीन मूर्तियां सिद्धहस्त हैं। यह अवसर न केवल अग्रवाल समाज के गौरव को पुनर्जीवित करता है बल्कि पूरे शहर के लिए सांस्कृतिक,धार्मिक और परम्परागत उत्साह का वातावरण भी निर्मित करता है। यह बात कार्यक्रम की मिडिया प्रभारी ज्योति अग्रवाल ने बताई।

अग्रवाल समाज की कुलदेवी माँ महालक्ष्मी द्वारा महाराजा अग्रसेन को मार्ग शीर्ष माह की पूर्णिमा के दिन दिया गया वरदान ही इस पावन पर्व का आधार है मान्यता है की महाराजा अग्रसेन की ख्याति और तेज को देखकर एक बार देवराज इंद्र ने कुपित होकर अग्रोहा गणराज्य में वर्षा बंद करवा दी जिसके फलस्वरुप अग्रोहा गणराज्य में भीषण अकाल पड़ा था। तब महाराजा अग्रसेन ने महारानी माधवी के संग कुलदेवी आद्धा शक्ति मां महालक्ष्मी की आराधना की उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा को मां महालक्ष्मी ने प्रकट होकर महाराजा अग्रसेन को वरदान दिया कि आज से मेरा आपके अग्रकुल में वास रहेगा। उसी दिन को महालक्ष्मी वरदान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

यह कार्यक्रम 4 दिसंबर को दोपहर 12 बजे महालक्ष्मी के पूजन एवं अभिषेक से प्रारम्भ होगा। दोपहर 1 बजे से महालक्ष्मी की कथा अग्रबन्धुओं को सुनाई जाएगी, दोपहर 2 बजे से 2.30 बजे तक आरती होगी, उसके बाद 2.30 से 4 बजे तक भोग प्रसादी रहेगा। महालक्ष्मी के दर्शन एवं भोग प्रसाद के बाद सभी को खजाना भी दिया जाएगा इस अवसर पर मंदिर में फूलबंगला एवं छप्पन भोग भी लगाया जायेगा।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में द कॉन्फिडेंरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज के मध्यप्रदेश चैयरमेन आशीष वैश्य,अखिल भारतीय अग्रवाल युवक -युवती परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश एरण एवं अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जो सहयोगी रहेंगे वह दिलीप अग्रवाल, मनोज अग्रवाल बाबा, अनुज अग्रवाल, सुनील गोयल, रामकुमार गोयल, मोहन अग्रवाल, शिव मोहन अग्रवाल, दिनेश बंसल आदि रहेंगे और सपरिवार उपस्थित रहने की अपील जिलाध्यक्ष रवि गर्ग, महिला विंग अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल,जिला महामंत्री श्याम बंसल ने की है साथ ही इस अवसर पर पवन कुमार अग्रवाल, संदीप नारायण अग्रवाल, शैलेश जैन,राकेश अग्रवाल(राम), राजेश अग्रवाल (गुना), अजय गोयल, विवेक बंसल, सी ए अजय सिंघल,मनोज अग्रवाल (अशोकनगर), योगेश अग्रवाल,प्रतीक अग्रवाल, सजल बंसल, संजय गोयल आदि उपस्थित रहेंगे।

परीक्षाएं शुरू, चार नकलची पकड़े

ग्वालियर।29 नवम्बर. जीवाजी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में आज चार नकलची इंदरगढ़ के पीजी कॉलेज में पकड़े गए। यह चारों छात्र नकल से पेपर हल कर रहे थे। जीवाजी विश्वविद्यालय की आज एमए,एम एस सी एमकॉम फर्स्ट सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ हुई हैं। इन परीक्षाओं मैं नकल पर अंकुश लगाने के लिए दो दल मुरैना और दतिया भेजे गए। पीआरओ डॉक्टर विमलेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जीवाजी विद्यालय के पीजी फर्स्ट सेमेस्टर की आज परीक्षाएं प्रारंभ हुई है।इन परीक्षाओं पर अंकुश लगाने के लिए जीवाजी विश्वविद्यालय कंट्रोल रूम में दो उड़न दस्ते मुरैना और दतिया भेजें जहां उड़न दस्ते ने परीक्षाओं में जांच की.

क्रिकेट मैच में विवाद, एसएलपी कॉलेज की टीम को पूरा मैच खिलाए बिना ही किया बाहर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 नवम्बर. अंतर जिला पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहे माधव कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी की मनमानी सामने आई एसएलपी कॉलेज की टीम को पूरा मैच खिलाए बिना की पराजित घोषित किया गया एवं माधव विधि कॉलेज की टीम को विजेता माना गया एसएलपी कॉलेज की टीम दो ओवर ही खेल पाई थी,

इसी बीच एक खिलाड़ी को कीपर द्वार कैच बोल्ड का एम्पायर के द्वारा गलत निर्णय के बाद विवाद शुरू हो गया। एम्पायर ने अपना गलत निर्णय बदल दिया, मगर बॉलिंग कर रही माधव विधि कॉलेज की टीम द्वारा एम्पायर के गलत को ही सही ठहराने के लिए बवाल खड़ा कर दिया एक्सपर्ट की भी बात नहीं मानी गई जिस पर एसएलपी कॉलेज की टीम ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। जिस पर मेजबान माधव कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी ने एसएलपी कॉलेज की टीम को मैच खिलाए बगैर ही बाहर कर दिया। जिसकी एसएलपी कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी ने शिकायत ऊपर तक कर दी है।

मंत्री नारायण सिंह के नेतृत्व में वार्डों,बूथों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 नवम्बर. निर्वाचन नामावली के स्ढ्क्र विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं 17-ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि नारायण सिंह कुशवाह ने दक्षिण विधानसभा के विभिन्न वार्डों और बूथों पर सघन निरीक्षण किया। मंत्री कुशवाह ने मतदाता सूची सत्यापन, घर-घर सर्वे, प्रपत्रों की स्थिति तथा बूथ महा-संपर्क अभियान की प्रगति का स्थल पर जाकर विस्तृत आकलन किया।

निरीक्षण की शुरुआत हनुमान चौराहा स्थित शेख की बगिया, वार्ड क्रमांक 35 के बूथ क्रमांक 81 से हुई, जहाँ अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके बाद बूथ क्रमांक 80 पर पहुँचकर एसआईआर गतिविधियों और संपर्क अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके पश्चात गौमती की फड़ी स्थित सखी बिहार कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 48 के बूथ क्रमांक 209 पर निरीक्षण किया गया और मतदाता सूची के सत्यापन कार्यों का जायजा लिया गया। फिर टीम गुढी गुढा स्थित ईश्वर बिहार कॉलोनी एवं प्रजापति मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 55 के बूथ क्रमांक 252 पहुंची, जहाँ मंत्री जी ने स्ढ्क्र के विभिन्न चरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसी क्रम में मंत्री नारायण सिंह कुशवाह कम्पू स्थित निम्बालकर की गोठ, वार्ड क्रमांक 46 के बूथ क्रमांक 148 भी पहुँचे, जहाँ विशेष गहन पुनरीक्षण' के तहत विस्तृत चर्चा एवं निरीक्षण किया गया। मंत्री जी ने प्रपत्रों की स्थिति, सर्वे की गति और संपर्क कार्यों की समीक्षा कर अभियान को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश प्रदान किए।निरीक्षण के दौरान कमल माखीजानी, गौरव वाजपेयी,नवीन परांडे, कौशलेंद्र सिंह राजावत, अमर कुटे, प्रिंस मझवार, संतोष शाक्य, मोहित शिवहरे, दिनेश कुशवाह, नरेश प्रजापति, सचिन कुशवाह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जीवाजी विश्वविद्यालय ने सेंट्रल जोन यूथ फेस्ट में जीता ओवरऑल पाँचवा रनर-अप खिताब

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 नवम्बर. एम जी एम महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में भारतीय विश्वविद्यालय संघ (ढ्ढ) द्वारा आयोजित 39वाँ सेंट्रल जोन युवा उत्सव 25 से 29 नवम्बर तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। म्यूज़िक, साहित्य, थियेटर, डांस व फाइन आर्ट्स की 25 विधाओं में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के 23 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया ।

इस प्रतियोगिता में जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की 50 सदस्यीय टीम ने 18 विधाओं में दमदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए तथा ओवरऑल पाँचवाँ रनर-अप बनकर महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की।

टॉप अवॉर्ड्स

ग्रुप सॉन्ग वेस्टर्न - प्रथम
कार्टूनिंग - प्रथम
वेस्टर्न वोकल सोलो - द्वितीय
वाद-विवाद (हिंदी) - द्वितीय
वक्तृत्व (हिंदी) - द्वितीय
वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल - तृतीय
लाइट वोकल - चतुर्थ
क्ले मॉडलिंग - पाँचवाँ
रंगोली - पाँचवाँ
ओवरऑल ट्रॉफियाँ
म्यूज़िक ओवरऑल द्वितीय
लिटरेरी ओवरऑल द्वितीय
फाइन आर्ट्स ओवरऑल तृतीय

दल का नेतृत्व राजीव दुबे, बकार कुरैशी, तथा आदर्श सिमोलिया ने किया। प्रवीन शंखवार, नीतीश श्रीवास्तव, अतुल दीक्षित, जतिन शर्मा, रुद्रांश पोरवाल, विमल वर्मा, अंकित, प्रमोद सहित अन्य छात्र भी शामिल रहे। कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य, कुलसचिव प्रो. राकेश कुशवाह तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. जे. एन. गौतम ने टीम को बधाई दी.

विधायक डॉ . सिकरवार ने सीवर लाईन निर्माण कार्य के लिए किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 नवम्बर. ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज वार्ड क्रमांक 23 के अंतर्गत आने वाले गल्ला कोठार से सीवर लाईन निर्माण कार्य के लिये क्षेत्रीय जनता के साथ भूमिपूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय नागरिकों ने विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। विधायक डॉ. सिकरवार ने लोगों की अन्य समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए।

भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि कांग्रेस की रिति-नीति ही जनता का विकास है। क्षेत्र के हर निवासी को सभी मूलभूत सुविधायें मिले यह हमारा लक्ष्य है और हम इस लक्ष्य में दिन प्रतिदिन सफल भी होते जा रहे है। आज मैं आप सबको विश्वास दिलाता हूँ कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिये कोई कसर नहीं छोडी जायेगी। विधायक डॉ. सिकरवार ने आमजनों से चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास हेतु हम निरंतर काम कर रहे हैं, आप सभी का सहयोग ही हमारी ऊर्जा है। जन आकांक्षाओं के अनुरूप क्षेत्र के विकास और प्रगति को गति दी जा रही है। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर रामअवतार जाटव पूर्व पार्षद, गोपाल चौधरी, करण सिंह चोपड़ा, जगदीश पाल, अमृतलाल बाबू, भूपसिंह मिथल, जगन्नाथ मिथल, सुधीर मंडेलिया, मोनू रजक, ओ.पी. प्रजापति आदि मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय व्यास वल्लभाचार्य महाराज की कथा 17 से

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 नवम्बर. अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य की परंपरा को आगे बढ़ा रहे स्वामी वल्लभाचार्य महाराज की श्रीमद् भागवत कथा 17 दिसंबर से मदन मोहन मंदिर मुरार में आयोजित की जाएगी।

शिव भक्त मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के कार्यक्रम संयोजक सरोज आनंद शर्मा ने बताया कि 17 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा आरंभ होगी उसके बाद मदन मोहन मंदिर कथा स्थल पहुंचकर व्यास पीठ का पूजन किया जाएगा। पहले दिन श्रीमद् भागवत के महात्म की कथा होगी। दूसरे दिन सुखदेव परिषद मिलन एवं हिरण्याक्ष के उद्धार की कथा होगी। तीसरे दिन ध्रुव चरित्र का वर्णन होगा। चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पांचवें दिन गोवर्धन महाराज का पूजन होगा छठे दिन रुक्मणी विवाह एवं विश्राम दिवस सुदामा चरित्र का बखान किया जाएगा। स्थानीय पार्षद ममता अरविंद शर्मा शिवानी प्रांशु शर्मा गर्वित शर्मा सुरभि शर्मा गुंजन शर्मा आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप गांगिल प्रेम कुमार गांगिल महेश गुप्ता सुरेश गुप्ता विनोद गुप्ता राजीव गुप्ता राजकुमार बांदिल मूलचंद गांगिल राम प्रकाश गुप्ता अमित सेठी कमलेश दुबे आसाराम गुर्जर पंकज पचौरी महेंद्र जैन इत्यादि ने शहर के सभी श्रद्धालु भक्तों से कथा श्रावनियां एवं माहिती होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत करने का आह्वान किया है।

जेसीआई की वार्षिक साधारण सभा एवं चुनाव हुए

ग्वालियर 29 नवम्बर. जेसीआई इंडिया के मंडल 6 के सबसे बड़े व पुराने अध्याय जेसीआई की वार्षिक साधारण सभा एवं चुनाव होटल 'क्लार्क्स इन सुइट्स' में चुनाव अधिकारी पूर्व अध्यक्ष जेसी आनंद शर्मा द्वारा सम्पन्न करवाये गये ।इस अवसर पर वर्ष 2026 के लिए अध्यक्ष पद हेतु जेसी कपिल अग्रवाल एवं मानसेवी सचिव पद हेतु जेसी विजय अग्रवाल को अपनी नवीन ऊर्जा से भरपूर सम्पूर्ण कार्यकारिणी के साथ निर्विरोध रूप से चुना गया । अपने स्वीकृति उद्बोधन में नवीन अध्यक्ष 2026 द्वारा कहा गया कि आगामी वर्ष एक ऐतिहासिक वर्ष साबित होगा और इस वर्ष भी अध्याय की गरिमा के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. वर्ष 2026 में भी नेशनल की गाईड लाइन का पालन करते हुए संस्था को और भी सशक्त बनाने के लिए सदस्यों के साथ मिलकर एवं सकारात्मक परिवर्तन के साथ अच्छे कार्यक्रम करूंगा.

छात्रों व आमजनों को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 29 नवम्बर. पुलिस द्वारा मुस्कान विशेष जागरूकता अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न स्कूलों व ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर छात्रों व आमजनों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देश पर आयोजित किया गया।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत शनिवार को उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चन्द्रभान सिंह चढार, थाना प्रभारी पनिहार प्रशिक्षु उपुअ सुश्री अन्नपूर्णा सिरसाम द्वारा जानकी विद्या मंदिर स्कूल के छात्र-छात्राओं को बालिका, महिला अधिकार जागरूकता एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। थाना विश्वविद्यालय से उनि0 शैलजा सिंह के द्वारा शासकीय माध्यामिक विद्यालय बालाबाई का बाजार, महलगांव में छात्र-छात्राओं को घर से भाग जाने से होने वाली समस्याओं, सोशल साइट्स पर अनजान व्यक्तियों से बातचीत न करने एवं उनके प्रलोभन में आकर मिलने न जाने, पॉक्सो एक्ट बालक एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों के संबंध में जागरूक किया। थाना हजीरा से उनि0 सुमन धाकड़ व थाना हजीरा स्टॉफ द्वारा जेसी मिल स्कूल हजीरा में जाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

आम सूचना

श्रीमती मीनादेवी पत्नी श्री पदम सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आभिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित ग्राम मुरैनागांव, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.06 है जो भूमि सर्वे क्र. 953मिन ग्राम मुरैनागाँव का भाग है एवं जिसका 1200 वर्गफुट है और जिसकी बर्जुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भूमि सम्पत्ति विक्रेता, पश्चिम में-भूमि रामजीलाल, उत्तर में-रास्ता 15 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-भूमि केशव है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री बाबू सिंह पुत्र श्री चौखरिया एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री बाबू सिंह का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत उनके उत्तराधिकारी श्री भगवानदास, श्री फूलसिंह, श्री बनवारी, श्री पूरन सिंह पुत्रगण श्री बाबूलाल उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। 1. श्री भगवानदास, 2 श्री फूलसिंह, 3. श्री बनवारी, 4. श्री पूरन सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती मीनादेवी पत्नी श्री पदम सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 257920160ए1324838 दिनांक 03.06.2016 से विक्रय की गई। श्रीमती मीनादेवी द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ए.यू. स्मॉल फायनेस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री बाबू सिंह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री मुदित किशोर शर्मा पुत्र श्री गौरीशंकर शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन स्थित ग्राम जीराखुर्द, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.47 (भगत सिंह वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 1846 ग्राम जौराखुर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1080 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-भवन बैकुण्ठी, पश्चिम में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, उत्तर में-भवन/भूखण्ड श्री मुरारी एवं दक्षिण में-भूखण्ड बादामी है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री जगदीश पुत्र श्री गिरन्द राठौर द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री कप्तान सिंह यादव पुत्र श्री होतम सिंह यादव को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.6459 दिनांक 26.11.2009 से विक्रय की गई। श्री कप्तान सिंह यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री मुदित किशोर शर्मा पुत्र श्री गौरीशंकर शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 25792018ए 1420646 दिनांक 15.08.2018 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 26.11.2009 की मूलप्रति गुम हो गई है। श्री मुदित किशोर शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती रामबेटी पत्नी श्री रामप्रकाश के पक्ष में एश लिखतम विक्रय अनुबंध पत्र सम्पादित किया गया है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती रामबेटी द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मेसर्स चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. (सी.आई.एफ.सी.एल.) ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, बैंक, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त विक्रय विक्रय विलेख दिनांक 26.11.2009 की मूलप्रति प्राप्त हो अथवा आधिपत्य में हो, तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें अथवा उसके सम्बन्ध में कोई हित रखते हों अथवा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार की कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, JC285585X रैंक - सूबेदार (गनर) संदीप सिंह भदौरिया यूनिट 242 मीडियम रेजिमेंट निवासी सरकारी स्कूल के पास, ग्राम कनावर, भिंड (म.प्र.) पिन-477001,. मैं, घोषणा करता हूँ: कि मैंने अपनी बेटी का नाम SAGUN से SAGUN BHADOURIA और जन्मतिथि 02/12/2008 में बदल दिया है क्योंकि मेरे सेना सेवा दस्तावेजों में नाम गलत था। यह कि, मैं अपनी बेटी के नाम के सबूत के लिए यह शपथ पत्र पेश कर रहा हूँ। कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति से संबंधित हैं। मेरी बेटी सभी अभिलेखों में केवल SAGUN BHADOURIA के रूप में जानी-पहचानी जायेगी।

नाम संशोधन सूचना

जयमाला (JAYMALA) पत्नि : स्व. मंशा रजक निवासी चंद्र नगर, कृपाल आश्रम के पास ग्वालियर म.प्र. मेरा नाम जयमाला (JAYMALA) है जो कि मेरे पति स्व. मंशा रजक के पेंशन पेमेन्ट ऑर्डर आदि में दर्ज है। जब कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम गुडी रजक (GUDDI RAJAK) दर्ज है। गुडी रजक और जयमाला दोना ही नाम मुझ एक ही महिला के है। अतः इस सूचना उपरांत मेरे आधार कार्ड एवं समस्त शासकीय / अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम गुडी रजक (GUDDI RAJAK) के स्थान पर जयमाला (JAYMALA) दर्ज किया जावे।

नाम संशोधन सूचना

रियांशी शर्मा (RIYANSHI SHARMA) पिता पवन शर्मा निवासी आदित्यपुरम, एयर पोर्ट रोड महाराजपुरा ग्वालियर म.प्र.। मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों मार्कशीट, जन्मप्रमाणपत्र आदि में मेरा नाम रियांशी शर्मा (RIYANSHI SHARMA) दर्ज है, जबकि मेरे आधार में त्रुटिवश मेरा नाम रभ्या शर्मा (RABHYA SHARMA) दर्ज हो गया है। रियांशी शर्मा (RIYANSHI SHARMA) और रभ्या शर्मा (RABHYA SHARMA) दोनो नाम मुझ एक ही व्यक्ति के नाम है। अतः इस सूचना प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड एवं समस्त शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में मेरा रभ्या शर्मा (RABHYA SHARMA) के स्थान पर रियांशी शर्मा (RIYANSHI SHARMA) दर्ज किया जावे

आम सूचना

यहकि, श्रीमती कुसुम शर्मा पत्नी श्री कालीचरण शर्मा के स्वामित्व की भवन संपत्ति जोकि ग्राम दामोदरबाग के सर्वे क्रमांक 168 मिन के भाग पर निर्मित है जिसका नगर निगम भवन क्रमांक 5333 वार्ड नं. 4, कम्प्यूटर संपत्ति आईडी 1003958048 क्षेत्रफल 930 वर्गफुट की होकर, चन्द्र नगर, दामोदर बाग, जिला ग्वालियर में स्थित है जिसकी चतुरसीमा में पूर्व में- मकान राहुल सेन, पश्चिम में- मकान कुशवाह, उत्तर में- मकान कमला बाई एवं दक्षिण में- रास्ता एवं मकान सुरेश रजक है। उक्त संपत्ति पूर्व में रामबत्ती बाई रजक के स्वामित्व की थी उनके द्वारा उक्त संपत्ति श्री अमर सिंह पुत्र श्री रामनाथ से रजिस्टर्ड विक्रयपत्र क्रमांक 3886 दिनांक 30/06/2025 के द्वारा क्रय की। रामबत्ती बाई रजक के देहान्त दिनांक 04/11/2021 को होने उपरांत उनके विधिक वारिसान रामदीन वर्मा (पति) एवं विजय वर्मा एवं दीपक वर्मा पुत्रगण द्वारा उक्त संपत्ति श्रीमती कुसुम शर्मा पत्नी श्री कालीचरण शर्मा को रजिस्टर्ड विक्रयपत्र क्रमांक एमपी 142602022ए11281044 दिनांक 22/12/2022 के द्वारा विक्रय की गई। उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार श्यामवीर सिंह पुत्र श्री छोटे सिंह द्वारा क्रय किया जा रहा है जिस हेतु संपत्ति स्वामी व मेरे पक्षकार के मध्य विक्रय अनुबंध पत्र संपादित किया जा चुका हैं। उक्त संपत्ति को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार द्वारा केनरा बैंक से ऋण सुविधा प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति में यदि किसी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, निकाय, वित्तीय संस्था या व्यक्ति आदि के कोई हित निहित हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मुझसे मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजी सबूतों के कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर लिखित में आपत्ति करें। अवधि गुजरने उपरांत मेरा पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति का वयनामा अपने हित में संपादित करा कर, उक्त संपत्ति को ऋणदाता बैंक के हित में बंधक रखेंगें तथा संपत्ति का मूल वयनामा ऋणदाता बैंक को सुपुर्द करेंगे। उक्त समस्त कार्यवाहियों के उपरांत उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, निकाय, वित्तीय संस्था आदि द्वारा किये गये समस्त दावे व कार्यवाहियां मेरे पक्षकार के हितों व बैंक के हितों के मुकाबले शून्य व निःप्रभावी समझे जावेंगे। दिनांक: 29/11/2025

भवदीयः पीयूष चतुर्वेदी एडवोकेट
कार्यालय का पता - मंदिर राम जानकी, लक्ष्मीबाई कॉलोनी, ग्वालियर मोबा. 94251-11650

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 17 वार्ड क्रं. 39, भवन क्रं. 272, स्थानः जच्चा खाने के सामने लक्ष्मीगंज पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती पदमसिंह / श्री चिम्भन सिंह, श्रीमती चिरौंजी बाई / श्री पदम सिंह के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000324920 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 906 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. मृत्युउपरांत- उत्तराधिकार द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ढोली बुआ का पुल क्षे.क्रं. 17 पर दिनांक 26.11.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं.71/2010/58221/58413/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्रीमती चिरौंजी बाई / स्व. श्री पदम सिंह रनवीर सिंह, नरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह / स्व. श्री पदम सिंह, विमला / श्री जतवार सिंह, सनीता / मुकेश सिंह, गीता / करतार सिंह
पताः जच्चा खाने के सामने लक्ष्मीगंज, वार्ड-39
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 29-11-2025

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 20 वार्ड क्रं. 51, भवन क्रं. .., स्थानः इमली नाका सिकन्दर कम्पू स्थित है जो कि श्री/श्रीमती रमेश कुमार प्रजापति / स्व. श्री तिजुआ प्रजापति के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000093606 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. MP14260 2022A1748784 दिनांक 15.07.2022 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र सिंधी कॉलोनी क्षे.क्रं. 20 पर दिनांक 16.11.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं.74/2010/64803/64889/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्रीमती फूलवती / श्री रमेश कुमार प्रजापति
पताः इमली नाका सिकन्दर कम्पू, वार्ड-51
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 29-11-2025